# पत्रकारिता जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

# और

# एम.ए. में पत्रकारिता और जनसंचार

**(पी.जी.जे.एम.सी. / एम.ए.जे.एम.सी. - प्रथम वर्ष)**

## असाइनमेंट

## जनवरी 2025 और जुलाई 2025 चक्र

**एमजेएम-020/120**

**एमजेएम-021**

**एमजेएम-022**

**एमजेएम-023**

**एमजेएम-024/124**

**एमजेएम-025**

**पत्रकारिता एवं नवीन मीडिया अध्ययन विद्यालय**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**

**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068**

# पी.जी.जे.एम.सी./एम.ए.जे.एम.सी. असाइनमेंट

**प्रिय शिक्षार्थी,**

जैसा कि प्रोग्राम गाइड में बताया गया है, आपको सभी पाठ्यक्रमों में से प्रत्येक में एक असाइनमेंट जमा करना होगा। असाइनमेंट बनाने से पहले, कृपया प्रोग्राम गाइड में दिए गए विस्तृत निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

प्रत्येक असाइनमेंट के सामने जमा करने की **अंतिम तिथि** दी गई है। कृपया ध्यान दें कि आपको सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए निर्धारित समय के भीतर अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को ये उरोक्त सभी असाइनमेंट जमा करने होंगे।

आपको असाइनमेंट के पहले पृष्ठ पर अपना **नामांकन नंबर, नाम, पता, असाइनमेंट कोड और अध्ययन केंद्र कोड** का उल्लेख करना होगा। आपको जमा किए गए असाइनमेंट के लिए अध्ययन केंद्र से **रसीद प्राप्त** करनी होगी और उसे संभाल कर रखना होगा। असाइनमेंट की एक फोटोकॉपी प्रमाण के तौर पर अपने पास रखना अनिवार्य होगा।

मूल्यांकन के बाद, असाइनमेंट आपको अध्ययन केंद्र द्वारा वापस करने का प्रावधान हैं। कृपया इस पर जोर दें और अपने पास रिकॉर्ड रखें। आपके द्वारा प्राप्त किए गए अंक केंद्र द्वारा इग्नू, नई दिल्ली में एस.ई.डी. (SED) को भेजे जाएंगे।

**असाइनमेंट करने के लिए दिशा-निर्देश**

प्रत्येक असाइनमेंट में दिए गए सभी प्रश्नों को निर्देशानुसार हल करें। असाइनमेंट बनाते समय आपको निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना होगा:

**योजना:** सबसे पहले अध्ययन सामग्री को ध्यान से पढ़ें। कार्यक्रम के लिए आयोजित टेलीकांफ्रेंसिंग सत्र और इंटरैक्टिव रेडियो परामर्श सत्रों में भाग लें। यदि आवश्यक हो तो आप अध्ययन केंद्र/क्षेत्रीय केंद्र से विवरण भी प्राप्त कर सकते हैं और फिर असाइनमेंट को ध्यान से पढ़ें। जिन इकाइयों पर वे आधारित हैं, उन्हें देखें। प्रत्येक प्रश्न के बारे में कुछ बिंदु बनाएं और फिर उन्हें तार्किक क्रम में पुनर्व्यवस्थित करें।

**संगठन:** अपने उत्तर की एक रूपरेखा बनाएँ। अपने उत्तर के लिए जानकारी के चयन में विश्लेषणात्मक रहें। परिचय और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। सुनिश्चित करें कि असाइनमेंट के:

- तार्किक और सुसंगत हो;
- वाक्यों और पैराग्राफ में जानकारी का उचित प्रवाह हो; और
- आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति पर पर्याप्त विचार करते हुए सही ढंग से लिखा गया हो।

प्रस्तुति: एक बार जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाते हैं, तो आप प्रत्येक उत्तर को साफ-सुथरा लिखते हुए, जमा करने के लिए अंतिम संस्करण लिख सकते हैं।

शुभकामनाओं के साथ,

**डॉ. शिखा राय**

**कार्यक्रम समन्वयक,**

**पी.जी.जे.एम.सी. एवं एम.ए.जे.एम.सी.-I**

shikharai@ignou.ac.in

**एमजेएम-024 /124 : मीडिया और समाज**

**असाइनमेंट 05**

**(अंतिम तिथि: कृपया अंतिम तिथि पर नवीनतम अपडेट के लिए वेबसाइट देखें)**

**असाइनमेंट कोड: एमजेएम-024/124 जनवरी 2025/ जुलाई 2025 चक्र**

अधिकतम अंक: 100

वेटेज: 30%

***नोट:*** *(i) सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक एक समान हैं = प्रत्येक 20*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए|*

1. कोई समाचार प्रसारण देखें या कोई समाचार पत्र लेख पढ़ें और मीडिया साक्षरता की मूल अवधारणाओं का उपयोग करके उसका विश्लेषण करें। पहचानें कि संदेश कैसे बनाया गया है, क्या यह मूल्यों को समाहित करता है, और अलग-अलग लोग इसे अलग-अलग तरीके से कैसे समझ सकते हैं। उदाहरणों के साथ अपने निष्कर्षों की व्याख्या करते हुए विश्लेषण लिखें।

2. अपने इलाके में दो पोस्टर, विज्ञापन या होर्डिंग की पहचान करें जो सरकार या एनजीओ के नेतृत्व वाली विकास पहल (जैसे, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, स्वच्छता) को बढ़ावा देते हैं। विश्लेषण करें कि ये संदेश किस तरह से तैयार किए गए हैं और इन संदेशों की प्रभावशीलता पर चर्चा करते हुए एक रिपोर्ट लिखें।

3. एक ही पर्यावरणीय मुद्दे को कवर करने वाली दो समाचार रिपोर्ट (एक अखबार से और एक टीवी चैनल या ऑनलाइन पोर्टल से) चुनें। तुलना करें कि वे मुद्दे को कैसे प्रस्तुत करते हैं, वे किन स्रोतों का हवाला देते हैं और क्या वे इसे संकट, नीतिगत मुद्दे या वैज्ञानिक मामले के रूप में प्रस्तुत करते हैं। पर्यावरण जागरूकता को आकार देने में मीडिया की जिम्मेदारी पर चर्चा करते हुए एक तुलनात्मक विश्लेषण लिखें।

4. मानवाधिकार मुद्दों को कवर करने वाले सामुदायिक रेडियो प्रसारण, वृत्तचित्र या स्वतंत्र समाचार पोर्टल को देखें या सुनें। विश्लेषण करें कि मानवाधिकार चिंताओं की रिपोर्टिंग के अपने दृष्टिकोण में वैकल्पिक मीडिया मुख्यधारा के मीडिया से कैसे भिन्न है। हाशिए पर पड़ी आवाज़ों को उजागर करने में वैकल्पिक मीडिया की प्रभावशीलता पर चर्चा करते हुए एक समीक्षा लिखें।

5. एक स्थानीय मुद्दे की पहचान करें जिसे, मुख्यधारा के मीडिया द्वारा कवर नहीं किया गया है। फ़ोटो, वीडियो या साक्षात्कार के माध्यम से मुद्दे का दस्तावेज़ीकरण करें और ब्लॉग पोस्ट या लघु समाचार लेख के रूप में एक छोटी नागरिक पत्रकारिता रिपोर्ट बनाएँ।